छत्तीसगढ़ विधान सभा

फरवरी-मार्च, 2011 सत्र

दैनिक कार्य सूची

शुक्रवार, दिनांक 25 फरवरी, 2011 (फाल्गुन 6,1932)

समय 11:00 बजे दिन

1. प्रश्नोत्तर

पृथकत: वितरित सूची में सम्मिलित प्रश्न पूछे जायेंगे तथा उनके उत्तर दिये जायेंगे.

2. पत्रों का पटल पर रखा जाना

डॉ.रमन सिंह, मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ राज्य का आर्थिक सर्वेक्षण वर्ष 2010-2011 **पटल पर रखेंगे.**

3. नियम 138 (1) के अधीन ध्यानआकर्षण

(1) श्री सौरभ सिंह, सदस्य, जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम तेंदूभाटा में हरेली-सहेली योजना अंतर्गत आवंटित पट्टे की भूमि मड़वा परियोजना हेतु अधिग्रहित किये जाने की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

(2) श्री संतोष बाफना, सदस्य, इन्द्रावती पुल पर निर्धारित शुल्क से अधिक टोल टैक्स की वसूली किये जाने की ओर लोक निर्माण मंत्री का ध्यान आकर्षित करेंगे.

4. याचिकाओं की प्रस्तुति

श्रीमती लक्ष्मी बघेल, सदस्य, बलौदाबाजार विधान सभा क्षेत्र अंतर्गत -

(i) ग्राम लखना से सुंगेरा के मध्य कोल्हान नाले पर पुल निर्माण करने,

(ii) ग्राम तुलसी से नकटी (विश्रामपुर)-कुथरौद तक पुल-पुलिया सहित डामरीकरण करने तथा

(iii) नगर पंचायत परिषद् नेवरा (तिल्दा) एवं बलौदाबाजार में शासकीय (नजूल) भूमि का पट्टा प्रदान करने

के संबंध में याचिकायें प्रस्तुत करेंगी.

निर्धारित समय

5. नियम 139 के अधीन अविलंबनीय लोक महत्व के विषय पर चर्चा

1 घंटा 30 मिनट

प्रदेश में अवैध शराब की बिक्री से उत्पन्न स्थिति के संबंध में श्री धर्मजीत सिंह, सदस्य, चर्चा उठायेंगे.

क्रमश: 2

6. अशासकीय संकल्प

निर्धारित समय

1 घंटा (1) श्री महंत रामसुन्दर दास,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

सदन का यह मत है कि "प्रदेश के शहरी क्षेत्रों से ग्रामीण क्षेत्रों में चलने वाली बसों के समस्त बस स्टाप में यात्री प्रतीक्षालय का निर्माण किया जाकर प्रसाधन एवं पानी की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय."

1 घंटा (2) श्री भीमा मण्डावी,सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "राष्ट्रीय खनिज विकास निगम के संचालक मण्डल में बस्तर अंचल से निर्वाचित एक प्रतिनिधि को शामिल किया जाय."

30 मिनट (3) डॉ. हरिदास भारद्वाज, सदस्य, निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत करेंगे :-

यह सदन केन्द्र सरकार से अनुरोध करता है कि "नेशनल हाईवे 53 पर सरायपाली शहर के बाहरी क्षेत्र होते हुए बायपास रोड का निर्माण कराया जाय."

रायपुर

दिनांक 24 फरवरी, 2011

देवेन्द्र वर्मा
सचिव.